जनपद बलिया में दिनांक 30-3-2022 को इण्टरमीडिएट अंग्रेजी विषय के प्रशनपत्र के प्रकटन का कुत्सित प्रयास किया गया, जिसको निष्फल करते हुये परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता बनाये रखने के उद्देश्य से ऐसे 24 जनपदों, जिनमें बलिया को आवंटित कोड का प्रश्नपत्र वितरित किया गया था, में इण्टरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा को स्थगित करते हुये अन्य तिथि निर्धारित की गयी तथा उक्त परीक्षा 13-4-2022 को सम्पन्न करायी गयी शेष 51 जनपदों में इण्टरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा दिनांक 30-3-2022 को ही सकुशल सम्पन्न करायी गयी।

गृह विभाग के आदेश दिनांक 30.03.2022 द्वारा प्रकरण में स्पेशल टास्क फोर्स (एस0टी0एफ0) की जॉच संस्थित की गयी है। प्रश्नपत्र लीक होने के कुत्सित प्रयास के सम्बन्ध में थाना सिकन्दरपुरा, नगरा, कोतवाली सदर, उभॉव एवं भीमपुरा में 05 प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करायी गयी हैं तथा कुल 51 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

जिला विद्यालय निरीक्षक, बलिया सहित 02 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 02 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, बलिया कार्यालय के प्रभारी वरिष्ठ सहायक को निलम्बित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गयी है।

उक्त के अतिरिक्त वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के रूप सहायता प्राप्त विद्यालय में तैनात एक अन्य सहायक अध्यापक को विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा बर्खास्त किया गया है।

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु प्रश्नपत्रों की टेम्पर एविडेंट पैंकिग, पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्रों का आवागमन, स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों का डबल लॉक आलमारी में वायस रिकार्डर एवं बेवकास्टिंग युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में 24 घंटे पुलिस अभिरक्षा में रखा जाना, डबल लॉक की एक चाभी केन्द्रव्यवस्थापक तथा दूसरी

चाभी वाह्य केन्द्रव्यवस्थापक के पास सुरक्षित रखना, निर्धारित परीक्षा तिथि को प्रश्नपत्रों के पैकेटों को केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द व्यवस्थापक एवं जिला अधिकारी द्वारा नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेट तीनों की उपस्थिति में खोला जाना तथा परीक्षा समाप्ति के एक घंटे बाद तीनों की उपस्थिति में अवशेष प्रश्नपत्रों को लॉक/सील किया जाना और स्ट्रांग रूम में प्रवेश हेतु अधिकृत अधिकारियों का विवरण लॉकबुक/रजिस्ट्रर में दर्ज किये जाने एवं लॉकबुक/रजिस्ट्रर को परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस गार्ड की अभिरक्षा में रखे जाने आदि व्यवस्थायें पूर्व से ही विद्यमान हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

**गुलाब देवी**
**माध्यमिक शिक्षा मंत्री।**